# धर्म समाज महाविद्यालय, अलीगढ़

**DHARMA SAMAJ COLLEGE, ALIGARH**

(Affiliated to: Raja mahendra Pratap Singh State University, Aligarh)
(Governed by: Dharam Samaj Society)

Accredited by NAAC Grade B++

Mobile No.: 9410647780
Email: dspgcollege@gmail.com
Website: www.dscaligarh.ac.in


दिनांक–24.06.2026

## अति आवश्यक सूचना

परीक्षा नियंत्रक, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के कार्यालय आदेश पत्रांक सं. सी0ओ0ई0/ 990/2026 दिनांक– 23 जून, 2026 के द्वारा मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार स्नातक (प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम, षष्टम, सप्तम एवं अष्टम सेमेस्टर) एवं परास्नातक (प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ सेमेस्टर) के छात्र–छात्राओं की छूटी हुयी प्रयोगात्मक परीक्षाओं को सम्पन्न कराने हेतु दिनांक 11.07.2026 एवं 12.07.2026 की तिथि घोषित की गयी है। जिसके लिये विश्वविद्यालय द्वारा प्रति विषय, प्रति वर्ष शुल्क 1500/- निर्धारित किया गया है।

उपरोक्त के क्रम में स्नातक एवं परास्नातक के उक्त सभी सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है, कि वह सम्बन्धित सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा में अनुपस्थित वाली अंकतालिका की छायाप्रति को अपने प्रार्थना–पत्र के साथ संलग्न करते हुये अधोहस्ताक्षरी से हस्ताक्षर कराते हुये दिनांक 29.06.2026 से 05.07.2026 तक ऑनलाइन भुगतान हेतु पटल संख्या 03 पर श्री मधुर वार्ष्णेय, कार्यालय सहायक से सम्पर्क करें। उपरोक्त निर्धारित अवधि के उपरान्त किसी भी छात्र/छात्रा के प्रार्थना–पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा। जिसके लिये महाविद्यालय प्रशासन जिम्मेदार नहीं होगा।

24/6/26

(प्रो0 मुकेश कुमार भारद्वाज)
प्राचार्य

प्रतिलिपि–: निम्नांकित को उपरोक्तानुसार अनुपालनार्थ प्रेषित–:

1. समस्त विभाग प्रभारी, धर्म समाज महाविद्यालय, अलीगढ़।
2. समन्वयक कला एवं विज्ञान संकाय वाह्य प्रयोगात्मक परीक्षा, धर्म समाज महाविद्यालय, अलीगढ़।
3. कार्यवाहक कार्यालय अधीक्षक।

# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः–सी0ओ0ई0/990/2026 दिनांकः– 23 जून, 2026

## कार्यालय आदेश

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 11.06.2025 के मद संख्या– 24.05 में ''परीक्षा समिति द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों में छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु प्रति विषय प्रति वर्ष शुल्क रू 1500–/ के साथ नोडल केन्द्रों पर सम्पन्न कराने हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। ''परीक्षा समिति के उक्त निर्णय के अनुपालन में मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार स्नातक (प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम, षष्टम, सप्तम एवं अष्टम सेमेस्टर) एवं परास्नातक (प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर) के छूटे हुई प्रयोगात्मक परीक्षा फॉर्म भरने हेतु MIS जनरेट करने की अन्तिम तिथि 06.07.2026 तथा जनरेट किये गये MIS का सम्पूर्ण परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि 08.07.2026 एवं परीक्षा फॉर्म भरने की अन्तिम तिथि 08.07.2026 निर्धारित की जाती है। उक्त परीक्षा फार्म महाविद्यालय Login के माध्यम से भरे जायेंगे।

अतः सम्बन्धित छात्र/छात्राओं की छूटी प्रयोगात्मक परीक्षा अशासकीय महाविद्यालय को नोडल बनाकर दिनांक 11.07.2026 एवं 12.07.2026 को सम्पन्न करायी जायेगीं।

23-06-2026

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–**

1. प्राचार्य/प्रचार्या, सम्बद्व महाविद्यालय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह वि0वि0, अलीगढ़।
2. निजी सचिव, मा0 कुलपति, कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3. सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
4. एजेंसी (प्री0) को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि परीक्षा फॉर्म पूरित कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
5. प्रभारी वेबसाइट
6. गार्ड फाईल।

23-06-2026

परीक्षा नियंत्रक